आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश

● वर्ष- 16 अंक 6 ● कटनी ● रविवार, 6 फरवरी, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ शुक्ल पक्ष-6 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935



# मेरी आवाज ही पहचान है...

## सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर का देहावसान

**मुंबई। आखिर जिसका डर था वो ही हुआ। भारत ने अपना सबसे अमूल्य रत्न खो दिया। कोरोना की कर्कश आवाज भारत की स्वर कोकिला को लील गई। आज सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर कोरोना से जंग हार कर दुनिया को विदा कह गई। अपनी सुरीली आवाज से देश-दुनिया पर दशकों तक राज करने वाली सुर-साम्राज्ञी लता मंगेशकर ने मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में आखिरी सांस ली। 92 साल की लता जी की 8 जनवरी को कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी, जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनके भर्ती होने की खबर भी 2 दिन बाद 10 जनवरी को सामने आई थी। उन्होंने कोरोना और निमोनिया दोनों से 29 दिन तक एक साथ जंग लड़ी। उन्हें ब्रीच कैंडी अस्पताल के ब्रृट रखा गया था। लंबे समय से लता ताई का इलाज कर रहे डॉ. प्रतीत समधानी की देखरेख में ही डॉक्टर्स की टीम उनका इलाज कर रही थी। इलाज के दौरान उनकी हेल्थ में सुधार भी देखा जा रहा था। उन्हें लगातार ऑब्जर्वेशन में रखा गया। करीब 5 दिन पहले उनकी सेहत में सुधार होना भी शुरू हो गया था। ऑक्सीजन निकाल दी गई थी लेकिन IC में ही रखा गया था।**

## भारत का सुर अनंत में विलिन

भारत की नाइटिंगेल के नाम से दुनियाभर में मशहूर लता मंगेशकर ने करीब पांच दशक तक हिंदी सिनेमा में फीमेल प्लेबैक सिंगिंग में एकछत्र राज किया। भारतीय सिनेमा की बेहतरीन गायिकाओं में शुमार लता मंगेशकर ने 1942 में महज 13 साल की उम्र में अपने करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने कई भारतीय भाषाओं में अब तक 30 हजार से ज्यादा गाने गाए हैं। लता को भारत की 'सुर साम्राज्ञी' के नाम से जाना जाता है। उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से भी नवाजा जा चुका है। इसके अलावा उन्हें पद्म भूषण, पद्म विभूषण और दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है।

### करोड़ों संगीत प्रेमियों का दिल टूट गया।

स्वर कोकिला, दीदी और ताई जैसे नामों से लोकप्रिय लता जी के निधन से पूरे देश में शोक की लहर है। फैंस उनके ठीक होने की दुआएं कर रहे थे लेकिन आज इस बुरी खबर से करोड़ों संगीत प्रेमियों का दिल टूट गया। सैंकड़ों कालजयी गानों को अपनी आवाज देने वाली लता जी आज अनंत यात्रा पर चली गईं।

### घर के नौकर के पॉजिटिव आने के बाद आईं चपेट में

लता जी लगभग दो साल से घर से नहीं निकली थीं। वे कभी-कभी सोशल मीडिया के जरिए अपने फैंस के लिए संदेश देती थीं। बढ़ती उम्र और गिरती सेहत के कारण वे अपने कमरे में ही ज्यादा समय गुजारती थीं। उनके घर के एक स्टॉफ मेंबर की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आने के बाद उनका टेस्ट कराया गया था। 8 जनवरी को उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। लता मंगेशकर ने 5 साल की उम्र में गाना शुरू कर दिया था और ऐसा उन्होंने अपने पिताजी की कहने पर किया था। लेजंड प्लेबैक सिंगर और म्यूजिक डायरेक्टर लता मंगेशकर इकलौती ऐसी इंडियन सिंगर हैं जिन्होंने 2-4 नहीं बल्कि 36 अलग-अलग भाषाओं में उन्होंने गाना रेकॉर्ड किया है। साल 1989 में लता मंगेशकर को दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड से नवाजा गया था। भारत सरकार ने साल 2001 में उन्हें भारत रत्न (सर्वोच्च नागरिक का सम्मान) के सम्मान से सम्मानित किया है। इसके अलावा उन्हें 4 फिल्मफेयर बेस्ट फीमेल प्लेबैक सिंगर का अवॉर्ड, 2 फिल्मफेयर स्पेशल अवॉर्ड्स, फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड और कई अन्य अवॉर्ड से सम्मानित हो चुकी हैं। लता को सिंगर बनाने में गुलाम हैदर का योगदान काफी बड़ा रहा है। फिल्म च्महलज के गाने से उन्हें सफलता मिली जो उनी पहली हिट थी। लता मंगेशकर तब केवल 13 साल की थीं, जब सिर से पिता का साया छिन गया। लता मंगेशकर के कंधों पर अचानक जिम्मेदारी आ पड़ी।

### संगीत की दुनिया के 8 सुरमयी दशक



92 साल की लता जी ने 36 भाषाओं में 50 हजार गाने गाए, जो किसी भी गायक के लिए एक रिकॉर्ड है। करीब 1000 से ज्यादा फिल्मों में उन्होंने अपनी आवाज दी। 1960 से 2000 तक एक दौर था जब लता मंगेशकर की आवाज के बिना फिल्में अधूरी मानी जाती थीं। उनकी आवाज गानों के हिट होने की गारंटी हुआ करती थी। सन 2000 के बाद से उन्होंने फिल्मों में गाना कम कर दिया और कुछ चुनिंदा फिल्मों में ही गाने गाए। उनका आखिरी गाना 2015 में आई फिल्म डुन्नो वाय में था। करीब 80 साल से संगीत की दुनिया में सक्रिय लता मंगेशकर का जन्म 28 सितंबर 1929 को मध्य प्रदेश के ही इंदौर में हुआ था। 13 साल की छोटी उम्र में 1942 से उन्होंने गाना शुरू कर दिया था। लता जी के पिता पं. दीनानाथ मंगेशकर संगीत की दुनिया और मराठी रंगमंच के जाने पहचाने नाम थे। उन्होंने ही लता जी जो संगीत की शिक्षा दी थी। 5 भाई-बहनों में सबसे बड़ी लता जी की तीन बहनें आशा भोंसले, उषा मंगेशकर, मीना मंगेशकर और भाई हृदयनाथ मंगेशकर हैं।

### प्रभु कुंज की आभा गुम

लता मंगेशकर अपनी बहन उषा और भाई हृदयनाथ के साथ मुंबई के पेडर रोड स्थित प्रभुकुंज में पहले फ्लोर पर रहती थीं। कई सालों से वे यहां रह रही थीं। बहन आशा भोंसले भी यहां से कुछ दूरी पर ही रहती हैं। सालों तक प्रभाकुंज सोसायटी की सुबह लता मंगेशकर के संगीत के रियाज से ही शुरू होती रहीं। करीब 4 साल से उनका रियाज खराब सेहत के कारण लगभग बंद सा ही था। नवंबर 2019 में भी लता जी को निमोनिया और सांस की तकलीफ के कारण ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया जा चुका था। जहां वे 28 दिन भर्ती रही थीं। नवंबर 2019 के बाद से उनका घर से निकलना भी लगभग बंद हो चुका था।

### 2001 में मिला था भारत रत्न

लता मंगेशकर को 2001 में संगीत की दुनिया में उनके योगदान के लिए भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से नवाजा गया था। इसके पहले भी उन्हें कई सम्मान दिए गए जिसमें पद्म विभूषण, पद्म भूषण और दादा साहेब फाल्के सम्मान भी शामिल हैं। कम ही लोग जानते हैं कि लता जी गायिका के साथ संगीतकार भी थीं और उनका अपना फिल्म प्रोडक्शन भी था, जिसके बैनर तले बनी फिल्म लेकिन थी, इस फिल्म के लिए उन्हें बेस्ट गायिका का नेशनल अवॉर्ड भी मिला था, 61 साल की उम्र में गाने के लिए नेशनल अवॉर्ड जीतने वाली वे एकमात्र गायिका रहीं। इसके अलावा भी फिल्म लेकिन को 5 और नेशनल अवॉर्ड मिले थे।




## 2 दिन का राष्ट्रीय शोक, शाम को अंत्येष्टि

लगा मंगेशकर के निवास के साथ ही ब्रीच कैंडी अस्पताल के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। लता जी के निधन पर 2 दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गई है। उनकी पार्थिव देह अंतिम दर्शनों के लिए शिवाजी पार्क में रखा गया है।बीएमसी के पीआरओ तानाजी कांबले ने बताया कि लता जी का अंतिम संस्कार भी शिवाजी पार्क स्थि श्मशान घाट आज शाम किया जाएगा।



लता ने बहन आशा के साथ मास्टर विनायक की पहली हिंदी फिल्म बड़ी मां (1945) में छोटा सा रोल किया था। आशा भोंसले लता जी से 4 साल छोटी हैं 13 साल की उम्र में लता ने 1942 में च्पहिली मंगलागौर फिल्म में एक्टिंग की। कुछ फिल्मों में उन्होंने हीरो-हीरोइन की बहन के रोल किए हैं, लेकिन एक्टिंग में उन्हें कभी मजा नहीं आया।।

### पहिली मंगलागौर फिल्म में एक्टिंग की

### नेहरू जी की आंखों में आंसू आ गए थे

26 जनवरी 1963 में जब लता मंगेशकर ने लाल किले से ऐ मेरे वतन के लोगोंज् गाया तो तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की आंखों में आंसू आ गए थे। लता जी ने खुद ये किस्सा बताते हुए कहा था, च1962 के भारत-चीन युद्ध के बाद प्रदीप जी ने चए मेरे वतन के लोगोंज् गाना लिखा जिसे मैंने पहली बार 1963 के गणतंत्र दिवस पर गाया था। गाना खत्म करने के बाद मैंने स्टेज से उतर कॉफी मंगाई। तभी महबूब साहब भागते हुए मेरे पास आए और कहा, च्लता, कहां हो तुम... पंडित जी तुमसे मिलना चाहते हैं।ज् फिर मैं उनके पीछे-पीछे चल दी। जब पंडित जी ने मुझे देखा तो खड़े हो गए। वहां इंदिरा जी और कई बड़े नेता भी मौजूद थे। महबूब साहब ने पंडित जी को मेरा परिचय दिया च्आप हैं लता मंगेशकरज्। तब नेहरू जी ने मुझसे कहा, च्बेटी, तुमने आज मुझे रुला दिया। एक बार अमेरिका में लता दीदी की कोई कॉन्सर्ट था, तब उनसे मिलने अमिताभ बच्चन गए थे। प्रोग्राम शुरुआत होने में थोड़ा समय था, तब दीदी ने कहा कि आप मेरे अंगने में... ऐसे गाने से शुरुआत कीजिए।

## फिल्म महल के लिए गाया था पहला हिन्दी गाना

लता मंगेशकर ने अपना पहला हिंदी फिल्मी गाना 1949 में आई फिल्म महल के लिए गाया था गाने के बोल थे आएगा आएगा आने वाला आएगा. इस फिल्म में उनकी गायकी की काफ़ी तारीफ़ हुई थी. फिल्म महल में उनके गाने को मशहूर संगीतकारों ने नोटिस किया और उन्हें मौक़े मिलने लगे. इसके बाद अगले चार दशकों तक लता मंगेशकर ने हिंदी फिल्मों में हज़ारों गाने गाए। उन्होंने पाकीज़ा, मजबूर, आवारा, मुग़ल-ए-आज़म, श्री 420, अराधना और दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे जैसी रोमैंटिक फ़िल्म में भी उन्होंने गाने गाए.लता मंगेशकर ने हजारों गाने गाए हैं. लेकिन उनका गाया पहला गाना कभी रिलीज नहीं हुआ. इस गाने का नाम था



### लता मंगेशकर के दिल के बेहद करीब हैं ये 5 गाने, पहला सबसे खास

एक गाना ऐसा भी है, जो न सिर्फ़ लता मंगेशकर का पसंदीदा गीत है, बल्कि ये उनके लिए ही लिखा भी गया है. फिल्म किनारा (1977) का गीत च्नाम गुम जाएगाज लता मंगेशकर के पसंदीदा गीतों में से है. इस फिल्म के निर्माता गुलज़ार ही इस गीत के लेखक भी हैं और लता सुर-गाथाज के लेखक यतींद्र मिश्र से उन्होंनें शेयर भी किया था. गुलजार ने यतींद्र को बताया कि यह गीत दरअसल उन्होंनें लता मंगेशकर के लिए ही लिखा था.इस गाने से जुड़े एक बयान में लता जी ने कहा था कि मैं अगर खुद इस गीत के लिए कुछ कहना चाहूं, तो इतना ही कहूंगी कि यह मेरे लिए जितना सही है, उतना ही यह सहगल साहब, मुकेश भैया और किशोर दा के लिए भी सटीक होगा । साल 1975 में आई पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म च्आंधीज गुलजार ने निर्देशित की थी. फिल्म में संजीव कुमार और सुचित्रा सेन ने साथ किरदार निभाए हैं. फिल्म का गीत तेरे बिना जिन्दगी से कोई शिकवाज सबसे ज्यादा पसंद किए गए गीतों में से एक है. साल 1972 में आई मनोज कुमार द्वारा निर्देशित फिल्म च्शोरज का गाना च्एक प्यार का नगमा हैज लता मंगेशकर के हिट गानों में से एक है.अभिनेत्री रति अग्निहोत्री और कमल हासन की फिल्म च्एक दूजे के लिएज का गाना च्सोलह बरस की बाली उमर को सलामज, लता मंगेशकर और आजकल बिग बॉस 12 के घर में छाए अनूप जलोटा ने गाया है। अभिनेता से नेता बने राज बब्बर और स्मिता पाटिल के साथ साथ अमृता सिंह की फिल्म च्वारिसज साल 1988 में आई थी. इस फिल्म का गाना च्मेरे प्यार की उमर हो इतनी सनमज, लता जी के गाए सुपरहिट गानों में से एक है... (पेज 5 भी देखें)

## दिग्गज हस्तियों ने दी श्रद्धांजलि

## संगीत साधकों के लिए सदैव प्रेरणा थी दीदी:मोदी

भारत रत्न लता मंगेशकर के निधन पर पूरा देश दुखी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द , गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत देश की कई बड़ी हस्तियों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर लता मंगेशकर के निधन पर शोक व्यक्त किया और श्रद्धांजलि दी है। पीएम मोदी ने कहा कि मैं इसे अपना सम्मान मानता हूं कि मुझे हमेशा लता दीदी से अपार स्नेह मिला है। मोदी ने कहा कि उनके साथ मेरी बातचीत अविस्मरणीय रहेगी। लता दीदी के निधन पर मुझे देशवासियों के साथ शोक है। पीएम मोदी ने कहा कि मैंने उनके परिवार से बात की और संवेदना व्यक्त की। पीएम मोदी ने कहा कि मैं अपने दुख को शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकता। देखभाल करने वाली लता दीदी हमें छोड़कर चली गई हैं। वह हमारे देश में एक खालीपन छोड़ गई है जिसे भरा नहीं जा सकता। पीएम मोदी ने कहा कि आने वाली पीढ़ियां उन्हें भारतीय संस्कृति के एक दिग्गज के रूप में याद रखेंगी, जिनकी सुरीली आवाज में लोगों को मंत्रमुग्ध करने की अद्वितीय क्षमता थी। लता दीदी के गानों ने कई तरह के इमोशन्स को उभारा। पीएम ने कहा कि उन्होंने दशकों तक भारतीय फिल्म जगत के बदलावों को करीब से देखा। फिल्मों से परे, वह हमेशा भारत के विकास के बारे में भावुक थीं। वह हमेशा एक मजबूत और विकसित भारत देखना चाहती थी। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने लिखा, उनका जाना देश के लिए अपूरणीय क्षति है। वे सभी संगीत साधकों के लिए सदैव प्रेरणा थी। लता दीदी



प्रखर देशभक्त थी। उनका जीवन अनेक उपलब्धियों से भरा रहा है। लता जी हमेशा ही अच्छे कामों के लिए हम सभी को प्रेरणा देती रही हैं। भारतीय संगीत में उनका योगदान अतुलनीय है। 30 हजार से अधिक गाने गाकर उनकी आवाज ने संगीत की दुनिया को सुरों से नवाजा है। लता दीदी बेहद ही शांत स्वभाव और प्रतिभा की धनी थी। शिवसेना के प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद संजय राउत ने लिखा, तेरे बिना भी क्या जीना..।

### इंदौर में जन्मी लता के निधन पर मध्य प्रदेश में शोक की लहर

मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में जन्मी लता मंगेशकर के निधन पर यहां के दिग्गज नेताओं ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ट्विटर पर लिखा कि स्वर साम्राज्ञी, परम श्रद्धेय लता मंगेशकर जी के निधन से अन्तर्मन दुख, पीड़ा, शोक से व्यथित है। देश ही नहीं, समूचे विश्व ने एक ऐसी स्वर साधिका को खो दिया, जिन्होंने अपनी मधुर आवाज से जीवन में आनंद घोलने वाले असंख्य गीत दिए। लता दीदी का तपस्वी जीवन स्वर साधना का अप्रतिम अध्याय है। उन्होंने आगे लिखा कि आपका जीवन हिंदी फिल्म जगत के साथ ही भारतीय संगीत की ऐसी अद्भुत यात्रा रही, जिसने कई पीढ़ियों को मानवीय संवेदनाओं को जीवंत करते गीत-संगीत से जोड़ा। फिल्म जगत के उद्भव से अत्याधुनिक युग में प्रवेश करने तक दीदी सहयोगी से संरक्षक तक की भूमिका में रहीं। आपका योगदान अविस्मरणीय रहेगा।

### दिग्विजय सिंह ने भी शोक व्यक्त किया

दिग्विजय सिंह ने लिखा- एक युग की समाप्ति हो गई। मध्यप्रदेश में जन्मी भारत रत्न लता मंगेशकरजी के निधन

### लता दीदी से मिला प्यार भुला नहीं पाऊंगा, बोले पीएम मोदी

की दु:खद खबर है। उनकी आवाज अमर है। ना उनके जैसा हुआ है और ना होगा। हम उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

### .बॉलीवुड इंडस्ट्री ने जताया दुख

लता मंगेशकर के निधन के समाचार से बॉलीवुड इंडस्ट्री में शोक की लहर है। तमाम संगीतकारों ने उनके निधन को बड़ी क्षति बताया है। ऐसे में अमिताभ बच्चन, अनुपम खेर, हेमा मालिनी, धर्मेंद्र और शत्रुघन सिन्हा समेत कई बॉलीवुड सेलेब्स ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर लता मंगेशकर के निधन पर शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी है। इससे पहले शनिवार की रोज लता की बहन आशा भोंसले ने अस्पताल पहुंचकर हाल जाना था। जब आशा अस्पताल से बाहर निकलीं थी तो उनके चेहरे पर मायूसी से अंदाजा लग गया था।

# सांसद सुविधा केंद्र संवाद सेतु का कार्य करेगा-वीडी

### कटनी में सांसद कार्यालय का शुभारंभ

**कटनी।** जनता और जनप्रतिनिधियों के बीच संवादहीनता नहीं होनी चाहिये इसके लिए आवश्यक है कि जनप्रतिनिधियों को जनता के लिए एक सुलभ स्थान की स्थापना हो जो लोगों को अपने सांसद विधायक तक अपनी बात आसानी से पहुंचाई जा सके। इसी उद्देश्य से कटनी में सांसद सुविधा केंद्र स्थापित किया गया है। आज पीडब्लूडी कालोनी में सांसद सुविधा केंद्र सह सांसद निवास में गृह प्रवेश के अवसर पर यह विचार भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुद शर्मा ने व्यक्त किये। बसन्त पंचमी के शुभ अवसर पर आज सांसद सुविधा केंद्र का विधि विधान से मंत्रोच्चार के साथ पूजन कर इसका शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री शरदेन्दु तिवारी, जिला प्रभारी संजय साहू, विधायक संदीप जायसवाल, प्रणय पांडे, पूर्व जिलाध्यक्ष रामचन्द्र तिवारी, चमनलाल आनंद, पूर्व विधायक श्रीमती अलका जैन, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, पीताम्बर टोपनानी, सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्षगणों भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।



### वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का किया सम्मान

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कटनी में पार्टी के दो वरिष्ठ नेताओं का सम्मान किया। कमलपुष्प अभियान के तहत कटनी में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामचंद्र तिवारी एवं चमनलाल आनंद व वरिष्ठ कार्यकर्ता संगतमल कृष्णानी का सम्मान कर आशीर्वाद लिया। इसी तरह जनसंघ के समय से संगठन एवं समाज के लिए समर्पित वरिष्ठ कार्यकर्ता भोजराज धर्मेंचा के निवास पहुंचकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर वीडी शर्मा ने कहा कि धर्मेंचा जी की राष्ट्र व समाज के प्रति चेतना अनुकरणीय है। भाजपा के ऐसे वरिष्ठजन हमारे संगठन समाज की सच्ची पूंजी हैं जिनके पास अनुभव का भंडार है।



# लेनदेन के विवाद पर हुई शुभम की हत्या

### सिर पर पत्थर पटककर हत्या करने वाले गिरफ्तार, एनकेजे पुलिस ने सुलझाई गुत्थी

**कटनी।** एनकेजे थाना क्षेत्र के नयागांव में युवक के सिर पर पत्थर मारकर मौत के घाट उतारने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया, जिसके बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। गौरतलब है कि गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात एनकेजे थाना अंतर्गत जैन कॉलोनी निवासी 25 वर्षीय शुभम पिता दिलीप श्रीवास्तव से रात में कुछ युवकों ने विवाद किया। विवाद के दौरान शुभम के सिर पर पत्थर पटक दिया गया, जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे उसके परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां पर उसका प्राथमिक उपचार के बाद उसे जबलपुर रिफर कर दिया था लेकिन जबलपुर पहुंचने से पहले ही रास्ते में उसकी मौत हो गई थी। जांच के दौरान साक्षी एनकेजे निवासी 45 वर्षीय रामवतार उर्फ रम्मू धुर्वे पिता रामसागर धुर्वे के कथन लिए गए, जिन्होंने अपने कथनों में बताया की रात्रि में 1 बजे चुलबुल वर्मा के गली नयागांव क्षेत्र में शुभम श्रीवास्तव के साथ गजानन्द उर्फ गुन्दे भुमिया, रघुवीर उर्फ गन्धारी, अनुज उर्फ टिल्लू ने रूपयों के लेन देने को लेकर विवाद किया और सिर में पत्थर की चीप मारकर घायल कर दिया था। शुभम को सिर में गम्भीर चोट लगने से मृत्यु हुई है। जिसके बाद पुलिस ने धारा 302, 34 का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। थाना प्रभारी नीरज दुबे ने बताया कि पुलिस अधीक्षक से प्राप्त निर्देशों के बाद टीम गठित कर आरोपियों की पतासाजी प्रारंभ की गई थी। इसी बीच मुखबिर ने सूचना दिया कि उक्त तीनों आरोपी पड़ोस में रिश्तेदार के यहां रुके हुये है तथा बाहर भागने के फिराक में हैं। पुलिस की टीम ने दबिश देकर तीनों आरोपियों को पकड़ा और अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की जिसमें उन्होंने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। घटना में प्रयुक्त पत्थर के चीप को आरोपियों के निशादेही में जप्त किया गया है और आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। आरोपियों की गिरफ्तारी में एनकेजे थाना प्रभारी नीरज दुबे, दिनेश करोसिया, सहपाल परतेती, सउनि दिनेश बघेल, प्रधान आरक्षक प्रहलाद सिंह, शशिकान्त करोसिया, आरक्षक दीपक तिवारी, चंद्रेश सिंह, लूटेश प्रजापति की भूमिका रही।

# कलाकारों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां



**कटनी।** नेहरू युवा केंद्र कटनी के तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद सभागार (बस स्टेंड) कटनी में जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन गतदिनों 3 फरवरी को किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्यातिथि पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र अजय श्रीवास्तव, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास वंश्री कुर्वेती द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। अतिथियों एवं निर्णायक मंडल के सदस्य के स्वागत उपरांत नेहरु युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी कु. कीर्तिका कुहर ने कार्यक्रम में आयोजित हो रही एकल गायन, नृत्य, सामूहिक गायन, नृत्य, एवं माईम के दिशा-निर्देशों का उल्लेख किया। इस अवसर पर पूर्व महापौर श्री श्रीवास्तव ने सफल आयोजन की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि नेहरु युवा केंद्र कटनी युवाओ के व्यक्तित्व विकास व उनमे छिपी प्रतिभा को बाहर लाने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर मंच प्रदान करता है। विकासखंड रीठी, बडवारा, बहोरीबंद, ढीमदखेड़ा, कटनी, एवं विजयराघवगढ़ से आये 100 युवा कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से प्रतिभागिता दी। जिसके बाद कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां मंच के माध्यम से प्रस्तुत की गईं। जिसके बाद कार्यक्रम में पुरुस्कार वितरण निर्णायक मंडल द्वारा किया गया।

## दमोह में मिली उमरियापान से लापता किशोरी

**कटनी।** उमरियापान थाना के एक गांव से लापता हुई एक नाबालिग को पुलिस ने दमोह जिले से दस्तयाब किया है। आवश्यक कार्रवाई के बाद पुलिस ने नाबालिग को परिजनों के हवाले कर दिया है। थाना प्रभारी गणेश प्रसाद विश्वकर्मा ने बताया कि बीते 17 जनवरी को थाना क्षेत्र की नाबालिग बिन बताये घर से कही चली गई थी। खोजबीन के बाद नाबालिग नहीं मिली तो उसके परिजनों ने उमरियापान थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपहरण का प्रकरण दर्ज कर नाबालिग की तलाश में जुट गई। जिसमें पुलिस को सफलता मिल गई और पुलिस ने दमोह जिले से नाबालिग को दस्तयाब कर सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया।

## कच्ची शराब के साथ पांच गिरफ्तार

### अलग-अलग स्थानों में पुलिस की रेड

**कटनी।** उमरियापान पुलिस ने थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव में पांच लोगों को कच्ची शराब के साथ पकड़ा है। थाना प्रभारी गणेश प्रसाद विश्वकर्मा ने बताया कि थाना क्षेत्र के डूंडी गांव से संतोष पटेल के पास से 5 लीटर कच्ची शराब को जप्त किया है। बरही गांव में छेदी लाल आदिवासी और चैनुराम यादव के पास से भी 6-6 लीटर जबकि रमेश पटेल के पास से 5 लीटर कच्ची शराब को पकड़ा है। इसके अलावा पुलिस ने गर्राघाट में रामचरण बर्मन के पास से 5 लीटर कच्ची मदिरा का जप्त किया। पुलिस ने सभी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की है। इसके साथ थाना प्रभारी गणेश प्रसाद विश्वकर्मा ने बताया कि शनिवार को दर्जन भर लोगों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने पांच हजार रुपये का जुर्माना वसूला है।

### सरकार अब जल्द लेगी नियुक्तियों पर फैसला

# जल्द होगी कटनी विकास प्राधिकरण में नियुक्तियां




**कटनी।** कटनी विकास प्राधिकरण अपने अस्तित्व में आने के बाद से ही किसी खराब मुहूर्त से गुजर रहा है। अस्तित्व में आने के बाद ही इसमें नियुक्तियां नहीं हो पा रहीं। एक बार अध्यक्ष उपाध्यक्ष सदस्य की नियुक्ति की गई उसके बाद कभी बदले राजनीतिक समीकरण तो कभी गुटबाजी ने इस कुर्सी पर किसी को काबिज नहीं होने दिया गया लेकिन अब खबर है कि कटनी का विकास प्राधिकण अर्थात केडीए अतिशीर्घ फिर से रौनक में आने वाला है। सूत्रों के अनुसार कटनी विकास प्राधिकरण में जल्द ही नए चेयरमैन मिल जाएंगे। अब देखना यह होगा कि कटनी का कौन सा भाजपाई इस कुर्सी पर काबिज होगा। जिले में कई नेता इस दौड़ में शामिल हैं। सूत्रों की मानें तो होली के पहले कटनी विकास प्राधिकरण की कुर्सी पर कोई न कोई काबिज हो जाएगा। सूत्रों के मुताबिक चूंकी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का यह संसदीय क्षेत्र भी है लिहाजा यहां उन्हीं की पसंद को कोई नेता केडीए अध्यक्ष बन सकता है। इन नामों में कटनी के पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व महापौर के अलावा पूर्व विधायक या फिर संगठन और संघ से जुड़े नेता के नाम सामने आए हैं।

कटनी में विकास योजनाओं को अमली जामा पहनाने के लिए विकास प्राधिकरण गठित किया गया था विकास प्राधिकण में कई योजनाएं बनाई गईं लेकिन इन योजनाओं ने मूर्त रूप नहीं लिया जिसके पीछे कारण था विकास प्राधिकरण में नियुक्तियों का न होना। एक योजना का उल्लेख करें तो विकास प्राधिकरण सस्ते दर पर झिंझरी में आवासीय परियोजना को लेकर दस साल से काम कर रही है, और इतने वर्षों के बाद भी योजना प्रस्ताव तक ही सीमित रह गई। केडीए की इस कछुआ चाल को जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के साथ ही निजी बिल्डरों के प्रभाव से जोड़कर भी देखा जा रहा है। जानकार बताते हैं कि केडीए की योजना मूर्तरुप लेती तो लोगों को सस्ते दर पर आवास की सुविधा मिलती और निजी बिल्डर अपने आवास की मनमानी कीमत नहीं रख पाते।

केडीए में किसी भी परियोजना में बेपरवाही का बड़ा उदाहरण रही है झिंझरी आवासीय परियोजना। 2011 में 210 एकड़ में प्रस्तावित यहआवासीय परियोजना में 10 साल में पूरी नहीं हुई तो फरवरी 2021 में प्रदेश सरकार ने इस परियोजना को यह कहकर निरस्त कर दिया कि इसमें 10 साल के दौरान दस प्रतिशत से भी कम काम हुआ है। राज्य सरकार ने फरवरी 2021 में यानी बीते वर्ष 210 एकड़ की आवासीय परियोजना को निरस्त की थी। इसके बाद केडीए ने छोटे-छोटे आवासीय योजना पर काम करने का निर्णय लिया। जानकर ताज्जुब होगा एक साल में केडीए के जिम्मेदार 70.6 हेक्टेयर में दूसरी टाउनशिप का प्रस्ताव बनाकर भोपाल ही भेज सके हैं। कटनी विकास प्राधिकरण में नामांकित अध्यक्ष के रूप में सिर्फ पूर्व विधायक ध्रुव प्रताप सिंह ही काबिज हो सके बाकी पूरा कार्यकाल कलेक्टर ही यहां के प्रशासक की भूमिका में थे।

# फरवरी में लौटी ठंड, अचरज में लोग



**कटनी।** फरवरी में एक बार फिर सर्दी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। शनिवार को कटनी में में रात का तापमान सामान्य से 3.4 डिग्री कम होकर 8.6 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। यह पांच साल में फरवरी में सबसे कम है। इससे पहले फरवरी 2014 में न्यूनतम तापमान 7 डिग्री रिकॉर्ड हुआ था। दिन का तापमान भी सामान्य से 4 डिग्री कम रहकर 23.3 डिग्री सेल्सियस रहा। शनिवार सुबह से ही शीतलहर चलने से कटनी जिले में तापमान में गिरावट आई है। जिले के कई स्थानों पर 10 डिग्री से कम और अधिकतम तापमान सामान्य से 4.5 डिग्री कम होने की संभावना है।


### इसलिए लौटी सर्दी -

मौसम वैज्ञानिक की मानें तो बादल छंटने से तापमान में गिरावट आई है। अभी पूरे प्रदेश में कोई सिस्टम नहीं है। हवाओं का रुख उत्तर पश्चिमी हो गया है। इस कारण तापमान में गिरावट आ रही है। आगामी एक-दो दिन में तापमान में एक-दो डिग्री की गिरावट और आ सकती है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के कई स्थानों पर बरसात होने के साथ ही राजस्थान पर बने प्रेरित चक्रवात के समाप्त होने के कारण ठंड ने फिर यू टर्न लिया है। जिसके चलते प्रदेश में दिन और रात के तापमान में एक बार फिर गिरावट का दौर शुरू हो गया है। इसी क्रम में गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात को कटनी जिले का तापमान 8.6 डिग्री दर्ज हुआ, जो बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात के तापमान (16.4) के मुकाबले 7.8 डिग्री कम रहा। इसके पूर्व फरवरी 2014 में न्यूनतम तापमान 7 डिग्रीसे. दर्ज किया गया था। फिर से सर्दी आने से लोग आश्चर्य में हैं। कटनी के लोगों का इस संबंध में कहना है कि उन्होंने पहली बार फरवरी में ठंड देखी है।

## सोने चांदी के जेवर ले गए चोर

**कटनी।** अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर घर के अंदर रखी आलमारी से जेवर पार कर दिए। जिसकी रिपोर्ट पर पुंलिस ने प्रकरण दर्ज कर पतासाजी प्रारंभ कर दिया है। उमरियापान थानांतर्गत ग्राम परसवारा निवासी कोमल गोस्वामी के घर के दरवाजे की सांकल तोड़कर बदमाशों ने प्रवेश किया और आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरों पर हाथ साफ कर दिया। चोरी गए मशरूके की कीमत 70 हजार रूपए बताई गई है। घटना की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया और अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दिया है।

**नीरज सिनेप्लेक्स में**




अंतिम 6 दिन
रोजाना 3 शो ता. 14 से
दोपहर 12,3 एवं 6 बजे से
PUSHPA
(हिन्दी में)
कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।
टिकट दर- बॉक्स- 120/-, बालकनी क्लास-100/- अपर क्लास-80/-, लोवर क्लास -60/-

**सिटी मॉल बरही रोड में**
अंतिम 6 दिन
रोजाना 3 शो ता. 28 से
1,4 एवं सायं 7.30 बजे से




PUSHPA (हिन्दी में)
कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।

# कटनी में सोने की खबर फिर सुर्खियों में, शुरु होगा खनन

## सरकार जल्द खदान को नीलाम करने की बना रही योजना



**कटनी।** कटनी में सोने की खबर पिछले कुछ समय से सुर्खियों में बनी है अब इसको लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार सरकार अब सोने की खदान को नीलाम करने का प्रयास शुरू करने जा रही है। प्रदेश से छत्तीसगढ़ अलग होने के बाद प्रदेश में पहली बार सोने का उत्खनन किया जाएगा। कटनी जिले के इमलिया क्षेत्र में 6 हेक्टेयर और सिंगरौली जिले के चकरिया क्षेत्र के 23 हेक्टेयर में सोनी, चांदी सहित अन्य धातु की खान चिंहित की गई है। कटनी में 700 किलो सोना तथा सिंगरौली के चकरिया खदान में 400 किलो सोना का भंडार होना बताया जा रहा है। खनिज साधन विभाग द्वारा तय की गई शर्तों के अनुसार जिस कंपनी को उत्खनन का ठेका दिया जाएगा वह यह सोना 29 हेक्टेयर में मात्र 120 मीटर गहराई तक ही निकाल सकेंगी। इससे अधिक गहराई में सोना निकालने के लिए सरकार से अनुमति लेने के अलावा माइनिंग प्लान अनुमोदन कराने और पर्यावरण की अनुमति लेनी पड़ेगी। कंपनी को सोने के अलावा चांदी सहित अन्य धातु को निकालने के लिए अलग से सरकार से अनुमति लेनी होगी और उसे यह बताना पड़ेगा कि खोदे गए मिट्टी के ढेर में कौन से धातु कितनी मात्रा में पाई गई है। भारतीय भू वैज्ञानिक के अनुसार कटनी में सोने की मात्रा ज्यादा है। सर्वे रिपोर्ट में यह बताया गया है कि यह 135 मिलियन टन अयस्क है। जिसमें पर टन 1.13 ग्राम सोना निकलने की संभावना है। यहां 7 सौ किलो सोने का भंडार होना तय है, जिसके आधार मूल्य 112 करोड़ रूपए है। अगर कंपनी इस क्षेत्र में गहन जांच करती है तो इसकी संभावना और बढ़ सकती है। लेकिन और सोने के भंडार की खोज के लिए सरकार से अनुमति लेना पड़ेगा। वहीं सिंगरौली में 0.138 मिलियन टन अयस्क है, जिसमें प्रति टन 1.30 ग्राम सोना तैयार होगा। जिसमें 400 किलो सोना निकाला जा सकेगा, जिसका आधार मूल्य 52 करोड़ बताया गया है।

### पहली बार निजी हाथों में जाएगी सोना की खान

देश में सोना, लोहा और कोयले की खदानों को भारत सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों को ही उत्खनन का काम दिया जाता है। यह पहला मौका होगा जब सरकार निजी कंपनियों को सोने के उत्खनन में शामिल कर रहा है। इसमें कई कंपनियों ने इन क्षेत्रों सोने मात्रा के संबंध में वैज्ञानिकों से अध्ययन भी कराया है। जियोलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया द्वारा कटनी और सिंगरौली जिले में सोने की खोज पिछले तीन वर्ष से की जा रही थी। इसमें सोने की शुद्धता और उसकी गुणवत्ता परीक्षण के बाद ही यहां सोना होने प्रमाण के संबंध में राज्य सरकार को रिपोर्ट थी। इसी रिपोर्ट के आधार पर खदान को नीलाम करने की तैयारी की जा रही है।

## नीलिमा ❤ से



### मन बसंती



*सरसों की ओढ़ पीली चुनरिया*
*महुए सा बहक उठे अल्हड़ जिया*
*तन मन में महक रहा बसंती पिया*

*मौसम ने ली फिर अंगड़ाई*
*महक उठी मधुमाती अमराई*
*तन मन में बहके बसंत पुरवाई*

*फूलों पर मंडराती रंग बिरंगी तितली*
*भंवरे की गुनगुन पर कलियां बलखाती*
*तन मन में बसंती पीली आभा लहलहाती*

*शाखों में नव कोपलों की रक्तिम सजावट*
*कोयल के मधुर गीतों की सरसराहट*
*तन मन में है बसंत की रेशमी आहट*

*सुरीला मौसम आया रुनझुन पायल संग*
*थिरक रही धरती लेकर चटख सुनहरे रंग*
*तन मन में है बसंत की चहकती उमंग !!!*

**- नीलिमा पाठक सामंतरे**

# अभिभावक चिंतित : बोर्ड परीक्षा में सावधानी को लेकर सिर्फ कागजी आदेश, शहर से ज्यादा चिंता गांवों के केन्द्रों में



**कटनी।** प्रदेश में बोर्ड की 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाओं की तरीख तय हो चुकी हैं। स्कूल शिक्षामंत्री इंदर सिंह परमार भी कह चुके हैं कि परीक्षाएं हर हाल में ऑफलाइन ही कराई जाएंगी। इस साल अब तक करीब 18 लाख छात्र-छात्राएं परीक्षा फॉर्म भर चुके हैं। एग्जाम कोरोना गाइडलाइन के अनुसार ही होंगे, लेकिन अगर किसी छात्र को कोरोना हो जाता है या परीक्षा के दौरान उसमें कोरोना के लक्षण पाए जाते हैं, तो उन छात्रों का क्या होगा। एमपी बोर्ड ने अभी तक इस बारे में कोई निर्णय नहीं लिया है। जबकि महाराष्ट्र में ऐसे छात्रों के लिए अलग से कमरे की व्यवस्था की गई है। इसी तरह अन्य राज्यों में भी कोरोना को देखते हुए बोर्ड ने कुछ अहम निर्णय लिए हैं। इधर कटनी में अभिभावकों में परीक्षा को लेकर चिंता है। अधिकांश अभिभावकों का कहना है कि ये मौसम ऐसा है जब पहले ही बच्चे सर्दी खांसी बुखार से पीड़ित होते हैं। ऐसे जब तक यह पता न लगे कि उन्हें यह साधाराण सर्दी खासी बुखार है या फिर कोरोना तब तक बच्चों को समूह में कैसे भेजा जा सकता है। इसके अलावा कटनी जिले में अभी तक ऐसी कोई तैयारी भी नजर नहीं आ रही जो कोविड काल में इन परीक्षा के लिए उचित कही जा सके। इस बारे में शिक्षा विभाग अब तक नींद में है। शहरी क्षेत्र में तो जैसे तैसे छात्र स्कूलों में कोविड गाइड लाइन के पालन के साथ एग्जाम दे देंगे। लेकिन दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों में परीक्षार्थी कैसे परीक्षा देंगे यह कठिन चूनौती है। आपको बता दें कि प्रदेश में 17 फरवरी से एग्जाम शुरू होंगे सरकार ने इसके लिए कई नियम तो बनाए हैं लेकिन इन नियमों पर शिक्षा विभाग इंप्लीमेंट कैसे करता है यह प्रश्न अभिभावकों के लिए चिंता का विषय है।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, रविवार, 06 फरवरी 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# रीठी जनपद शिक्षा केन्द्र फिर विवादों में

## गोदाना में निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार के बाद अब बड़गांव में जनशिक्षकों की अवैध नियुक्ति का मामला सुर्खियों में

**कटनी/रीठी।** करोड़ों रूपए के फंड वाले जिला शिक्षा केन्द्र कटनी में पिछले काफी समय से सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। सब पढ़े-सब बढें की थीम पर काम करने वाले इस विभाग के अंतर्गत आने वाले जनपद शिक्षा केन्द्रों में किस तरह नियमों की अव्हेलना की जा रही है, यह किसी से छिपा नहीं है। अब ताजा मामला जनपद शिक्षा केन्द्र रीठी का सामने आया है, जहां पहले ग्राम गोदाना में निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार किए जाने का मामला सामने आया था तो अब बीआरसी और जनशिक्षकों की अवैध तरीके से की गई नियुक्तियों का मामला सुर्खियों में है। इस पूरे मामले में रीठी बीआरसी और बड़गांव स्कूल के प्राचार्य की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में हैं। डीपीसी, रीठी बीआरसी और बड़गांव स्कूल में लगाए गए सूचना के अधिकार के बाद से यहां हड़कम्प मचा हुआ है।

दरअसल इस पूरे मामले की शुरूआत जनपद शिक्षा केन्द्र रीठी के अंतर्गत ग्राम गोदाना से शुरू हुई, जहां निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया। इस मामले में संबंधित शिक्षक पर एफआईआर के बाद से ही फर्जी तरीके से रखे गए जनशिक्षकों को हटाने की तैयारी की जा रही थी लेकिन अब तक न तो डीपीसी इस मामले में कोई निर्णय ले पाए और न ही बीआरसी। अब जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जगदीश चंद्र गोमे ने इस मामले में संज्ञान लिया है। सूत्रों के मुताबिक

**बीआरसी और संकुल प्राचार्य की कार्यप्रणाली पर लगे सवालिया निशान**




अवैध नियुक्ति और भ्रष्टाचार के इस मामले में अगले कुछ दिनों में कड़ी कार्यवाहियां हो सकती है। गौरतलब है कि जनपद शिक्षा केन्द्र रीठी के अंतर्गत बड़गांव संकुल में विगत दिनों 19 लाख रूपए की लागत से चार अतिरिक्त कक्ष के निर्माण का घोटाला प्रकाश में आया था, जिसकी जांच में पक्षपात के आरोप लगे, जांच यदि निष्पक्ष होती तो कई कर्मचारी नप जाते। संभवतः यहीं से पूरे मामले की शुरूआत हुई और अब एक बार फिर बड़गांव संकुल सुर्खियों में है। सूत्रों की मानें तो जिला शिक्षा अधिकारी ने रीठी थाना प्रभारी को एक कर्मचारी के खिलाफ शाला भवन निर्माण में हुए घोटाले की जांच में दोषी मानते हुए एफआईआर दर्ज करने पत्र लिखा था, साथ ही यह मामला विभागीय जांच में भी है। अब देखना है कि इस मामले में क्या कार्रवाई होती है।

### आए दिन विवादों में जनपद शिक्षा केन्द्र रीठी

जनपद शिक्षा केन्द्र रीठी आये दिन विवादों में रहता है, चाहे बीआरसी की नियुक्ति हो या फिर जनशिक्षकों की अवैध व अयोग्य नियुक्ति। अपात्र होने के बाद भी शिक्षकों को जनशिक्षक बनाकर नियमों का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। फिलहाल जनपद शिक्षा केन्द्र रीठी में एक आरटीआई लगने के बाद से हड़कम्प मचा हुआ है। इस फर्जीवाड़े में वित्त संबंधी प्रभार महत्वपूर्ण है, जिसमे ब्लॉक से लेकर जिले तक के अधिकारियों के काले कारनामे उजागर हो सकते हैं।

### जनशिक्षकों की नियुक्ति में नियमों का उल्लंघन

बड़गांव संकुल जनशिक्षक नियुक्ति को लेकर हमेशा से विवादों में रहा है। बड़गांव संकुल में जनशिक्षक नियुक्ति को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लेने की बात सामने आई है। संभावनाएं जताई जा रही है कि इस मामले में शीघ्र ही कोई बड़ी कार्यवाही हो सकती है, वहीं इस मामले को दबाने के प्रयास भी तेजी से किये जाने की खबरें आ रही हैं। बहरहाल इस मामले को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जगदीश चंद्र गोमे ने संज्ञान में लिया है। अब देखना यह होगा कि यह मुद्दा राजनीति की भेंट चढ़कर रफा दफा हो जाएगा या फिर जिले के अधिकारी इस पर कार्यवाही करते हैं, साथ ही नियमविरुद्ध बिना कलेक्टर या जिला पंचायत सीईओ के अनुमोदन के नियुक्तियां करने वाले संकुल प्राचार्य या अन्य लोगों पर भी कार्यवाही होगी या नहीं।



## रेलवे अंतर्विभागीय व्हालीबाल टूर्नामेंट में डीजल लोकोशेड की टीम ने मारी बाजी

कटनी। वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्प्लाइज यूनियन यूथ विंग कटनी के तत्वावधान में अंतर विभागीय टूर्नामेंट मुख्य अतिथि डीजल लोकोशेड के वरिष्ठ यांत्रिक अभियंता एस के सिंह की उपस्थिति में नई कटनी जंक्शन के रेल मैदान में आयोजित हुआ। फाइनल मुकाबले में डीजल लोको शेड की टीम ने प्रतिद्वंदी रनिंग विभाग टीम को पराजित किया। प्लेयर ऑफद टूर्नामेंट रवि टोप्पो को घोषित किया गया, विजेता टीम के कप्तान अवनीश यादव एवं मुख्य रूप से सहयोगी खिलाड़ी हेमंत, भीष्म, रवि, रोहित, अशफाक, सर्वेश, शिव पूजन, सुधीर, प्रवीण का सहयोग जीत में सराहनीय रहा। एकदिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट में यूनियन की पांचों ब्रांच के पदाधिकारी पी आर मिश्रा, आर के श्रीवास्तव, शिवमंगल, पी पी सिंह, दशरथ भट्ट, जागेश्वर दुबे, आफताब आलम, नरेंद्र पटेल, नितिन जैन, शरद राजभर, महेंद्र जोशी, राकेश कुमार, गीता देवी, गौहर खान, नितेश यादव यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## ट्रेनों में लगाए आधा सैकड़ा से ज्यादा स्थायी कोच

**कटनी। शादियों का सीजन शुरू होते ही ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ गई है। लंबी दूरी की ट्रेनों में यात्रियों को बमुश्किल रिजर्वेशन मिल पा रहा है। कुछेक ट्रेनों में तो एक महीने बाद का भी आरक्षण नहीं मिल पा रहा है। जबलपुर से कटनी होकर चलने वाली ट्रेनों का भी यही हाल है। यही कारण है कि पश्चिम मध्य रेल द्वारा ट्रेनों में वेटिंग क्लीयर करने के उद्देश्य से अतिरिक्त कोच लगाए जा रहे हैं। इनमे अधिकतर ट्रेनें जबलपुर से शुरू होने वाली है, इससे यात्रियों को राहत मिली है।**

पश्चिम मध्य रेल यात्री सुविधाओं के विस्तार में हमेशा ही अग्रणी रहा है, जिसके अंतर्गत यात्री गाड़ियों में यात्रियों की सुविधाओं में निरंतर वृद्धि की जा रही है। इसी श्रंखला में अतिरिक्त यात्री यातायात की प्रतीक्षा सूची को क्लियर करने के लिए अतिरिक्त कोच लगाए जाते रहे हैं। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल से प्रारंभ एवं टर्मिनेट होने वाली 26 जोड़ी गाड़ियों में वर्ष 2021-22 अभी तक 63 कोचों को स्थाई रूप से बढ़ाया गया है। जिसमे गाड़ी संख्या 12121/12122 जबलपुर-निजामुद्दीन एमपी संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में 1 कोच वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, 2 कोच वातानुकूलित तृतीय श्रेणी एवं 1 कोच एसआरएलडी स्थाई रूप से बढ़ाया गया है। इसी तरह गाड़ी संख्या 22181/22182 जबलपुर-निजामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस में 1 कोच वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 2 कोच सामान्य श्रेणी, गाड़ी संख्या 11464/11463 जबलपुर-सोमनाथ एक्सप्रेस में 2 कोच वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, गाड़ी संख्या 11466/11465 जबलपुर-सोमनाथ एक्सप्रेस में 2 कोच वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, गाड़ी संख्या 11447/11448 जबलपुर-हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस में 1 कोच वातानुकूलित तृतीय श्रेणी एवं 1 शयनयान श्रेणी, गाड़ी संख्या 22189/22290 जबलपुर-रीवा इंटरसिटी एक्सप्रेस में 2 कोच सामान्य श्रेणी, गाड़ी संख्या 11705/12706 जबलपुर-रीवा शटल एक्सप्रेस में 2 कोच सामान्य श्रेणी, गाड़ी संख्या 02191/02192 जबलपुर-हरिद्वार स्पेशल ट्रेन में 1 कोच सामान्य श्रेणी, गाड़ी संख्या 11265/11266 मदनमहल-अम्बिकापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस में 2 कोच सामान्य श्रेणी, गाड़ी संख्या 11754/11753 रीवा-इतवारी एक्सप्रेस में 1 कोच वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 2 शयनयान श्रेणी एवं 1 सामान्य श्रेणी, गाड़ी संख्या 12185/12186 रानी कमलापति-रीवा रेवांचल एक्सप्रेस में 1 कोच वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, गाड़ी संख्या 01665/01666 रानी कमलापति-अगरतला स्पेशल ट्रेन में 1 कोच वातानुकूलित तृतीय श्रेणी एवं 01 शयनयान श्रेणी, गाड़ी संख्या 22165/22166 भोपाल-सिंगरौली एक्सप्रेस में 2 कोच शयनयान श्रेणी के स्थाई रूप से बढ़ाए गए हैं। इस प्रकार पश्चिम मध्य रेल पर यात्रियों की अधिक से अधिक सीट/बर्थ की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए ट्रेनों में स्थायी कोचों को बढ़ाया गया है। जिसके अंतर्गत पमरे ने 1 कोच वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, 1 कोच वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 15 कोच वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 18 कोच शयनयान श्रेणी एवं 28 कोच सामान्य श्रेणी सहित कुल 63 कोचों को स्थाई रूप से बढ़ाये गए।



**वेटिंग क्लीयर करने रेलवे का निर्णय**

## एनकेजे में जान जोखिम में डालकर ट्रेनों से उतर रहे यात्री, कभी भी हो सकती है दुर्घटना



एनकेजे में खड़ी होने वाली ट्रेनों से यात्री जान जोखिम में डालकर उतर रहे हैं। जिससे कभी भी कोई घटना हो सकती है। कटनी से बिलासपुर रूट पर चलने वाली गाड़ियों को लाइन क्लीयर नहीं होने की वजह से एनकेजे में रोका जाता है, इस दौरान अधिकांश यात्री ट्रेनों से उतरकर आटो में सवार होकर अपने गंतव्य के लिए निकलते हैं, इस दौरान कई मालगाड़ियां एनकेजे से अपने गंतव्य के लिए रवाना होती है। विडम्बना इस बात की है कि न तो रेलवे अधिकारियों का ध्यान इस ओर है और न ही आरपीएफ का।

## सीईओ ने गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी



**विजयराघवगढ़।** राज्य शासन के आदेश अनुसार मनरेगा स्थापना दिवस के अवसर पर जिले की तर्ज पर जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राकेश शुक्ला मनरेगा स्थापना दिवस पर जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में भ्रमण के दौरान सिजहरा ग्राम पंचायत पहुंचे, जहां मनरेगा के अंतर्गत कार्य में लगे ग्रामीण क्षेत्र के श्रमिकों को मनरेगा योजना के महत्व की जानकारी प्रदान की गई। सीईओ श्री शुक्ला द्वारा कार्य में लगे श्रमिकों को जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि देश की सबसे बड़ी स्थानीय रोजगार उन्मूलन योजना का काम करने हेतु अधिनियम 2 अक्टूबर 2005 को लागू कर 02.02.2006 को आंध्रप्रदेश के अनन्तपुर ग्राम से योजना का शुभारंभ किया गया। जिसे विभिन्न जिलों से समूचे देश मे सन 2008 में उक्त योजना को लागू कर विस्तार किया गया। जिसे श्रमिको के लाभ की योजना बताई गई। इसके उपरांत सीईओ श्री शुक्ला द्वारा उरदानी, सिंनगौड़ी, हन्तला, बंजारी आदि ग्राम पंचायतों के सहायक ग्रामो में कार्यरत श्रमिको से भी मिलकर योजना के महत्व की जानकारी प्रदान की गई इस दौरान जनपद के पी सी ओ ग्रापंचायत के सचिवों, रोजगार सहायकों की उपस्थिति रही।

## रमेश ताम्रकार का आकस्मिक निधन



**कटनी।** मनीष मेडिकल स्टोर्स के संचालक अनिल ताम्रकार कक्का के बड़े भाई एवं हनी ताम्रकार के पिता ताम्रकार समाज के प्रतिष्ठित नागरिक रमेश ताम्रकार का विगत दिवस शनिवार की शाम आकस्मिक निधन हो गया। निधन की खबर से शेर चौक क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया। अंतिम यात्रा आज रविवार को 11 बजे शेर चौक स्थित निवास से निकाली गई। अंतिम संस्कार नदीपार मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार पश्चात आयोजित शोकसभा में सभी वर्गों के लोगों ने दो मिनट का मौन धारण करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को दुख की इस घड़ी में संबल प्रदान करने की कामना परमपिता परमेश्वर से की।

## लक्ष्मी नारायण मंदिर में हनुमान जी महाराज का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कल

**कटनी।**

शेर चौक झंडा बाजार रोड स्थित श्री 1008 श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में श्री संकट मोचन हनुमान जी महाराज का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर पुण्यलाभ अर्जित कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक 5 फरवरी शनिवार को वेदी निर्माण एवं गणेश पूजन किया गया। इसके उपरांत 6 फरवरी रविवार को वाराणसी के प्रबुद्ध विद्वानों द्वारा श्री हनुमान जी का समग्र धार्मिक कर्मकांड किया गया। कल सोमवार 7 फरवरी को नवनिर्मित सिंहासन में संकट मोचन हनुमान जी महाराज की स्थाई प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से आयोजित यिका गया है। इसके उपरांत हवन, ब्राम्हण भोजन, कन्या भोजन एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। श्री 1008 श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विजेन्द्र मिश्रा राजा भैया, कोषाध्यक्ष बालमुकुंद चौदहा, सचिव रामेश्वर प्रसाद चौदहा, मोहन लाल चौदहा, मुरलीमनोहर अग्रवाल, संजय कुमार चौदहा बेबू, दीपक कुमार मसुरहा, राजेश कुमार बरसैंया, डॉ. एस के पाठक, चंद्रशेखर चौदहा एवं डॉ. अशोक चौदहा ने समस्त श्रद्धालुओं से इस धार्मिक अनुष्ठान में पहुंचकर पुण्यलाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।



## रेडक्रॉस सोसायटी की प्रबंध कार्यकारिणी समिति के सदस्यों की निर्वाचन प्रक्रिया आज से शुरू

**कटनी।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की प्रबंध कार्यकारिणी समिति के 10 सदस्यों की निर्वाचन प्रक्रिया आज से शुरू हो गई। नामांकन पत्रों का वितरण डॉ एल एन खंडेलवाल निर्वाचन अधिकारी के आदर्श कालोनी स्थित कार्यालय में 10 फरवरी तक 10 बजे से 1 बजे तक किया जाएगा। रेडक्रॉस के समस्त वैध मतदाता, निर्वाचन अधिकारियों व मानसेवी सचिव के अतिरिक्त निर्वाचन पत्र भरने के अधिकारी होंगे। नामांकन पत्र भरने के लिए 2100 रूपये का भुगतान कर नामांकन पत्र प्राप्त किए जा सकते हैं।

यश भारत
नहीं मिल रहा हो तो संपर्क करें -230033

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

Dr
सी. आर. एम.
डे केयर क्लीनिक
डॉ. एस. के. शर्मा, एमडी (मेडिसिन)
वरिष्ठ चिकित्सा एवं छाती रोग विशेषज्ञ
पूर्व सिविल सर्जन, जिला अस्पताल
कटनी (म.प्र.) मो. 9425158548
सुबह 12 से सायं 4 बजे एवं रात्रि 7 बजे से रात्रि 8 बजे तक (रविवार अवकाश)
डॉ. अभिषेक शर्मा (एमबीबीएस)
डिप्लोमा इन कार्डियोलॉजी (पी.जी.डी.सी.सी.) फैलोशिप इन डायबिटिस, हृदय एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ, पूर्व फीजिशियन जिला अस्पताल
कटनी म.प्र. मो. 8826395999 -
परामर्श समय : सुबह 10:30 बजे से दोपहर 04:30 बजे एवं सायं 06:30 बजे से रात्रि 08:30 बजे तक एवं रविवार प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक
सुविधाएं- ई.सी.जी., टी.एम.टी./ट्रेड मिल टेस्ट, इकोकार्डियोग्राफी, एक्सरसाइज स्ट्रेस इकोकार्डियोग्राफी डोबुटामिन स्ट्रेस इकोकार्डियोग्राफी एवं एक्सरे, पैथोलॉजी, पी.एफ.टी. (फेफड़े की जांच)
पता- डॉ. शर्मा तिराहा, बिहारी सोनी मार्केट, पुरानी बस्ती, आजाद चौक, कटनी, (म.प्र.) फोन- 07622-225824, 8826395999

mgm HOSPITAL We Care with Care
एम.जी.एम. में अब जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ अब 24 घण्टे उपलब्ध।
Our Specialist
डॉ.एस.के.सिंह
M.B.B.S., M.S.
सीनियर जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपी सर्जन
पूर्व चिकित्सक- पोद्दार हॉस्पिटल , कोलकाता।
25 वर्ष का दूरबीन सर्जरी एवं अन्य सर्जरी का अनुभव।
आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
For Appointment call or Visit
OPD Timing - Everyday 10:30AM to 02:30PM & 05:30PM-09:00PM
एम.जी.एम. HOSPITAL
कचहरी चौक, फारेस्ट प्ले ग्राउंड के सामने, कटनी (मप्र) 483501
फोन नं: 07622-405070-71-72
Email: info@mgmhospitalkatni.com
Website: www.mgmhospitalkatni.com
NABH

# जिले में 61 पंजीयन केन्द्रों पर होगा किसानों का पंजीयन

## गेहूं उपार्जन के लिए 5 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं कृषक

**कटनी।** जिले में रबी विपणन वर्ष 2022-23 के लिये किसान पंजीयन करने शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य अनुसार 61 पंजीयन केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। रबी उपार्जन के लिये फसल पंजीयन की अवधि 5 फरवरी 2022 से 5 मार्च 2022 तक प्रातः 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक समस्त कार्यदिवसों में रविवार एवं शासकीय अवकाश को छोड़कर किया जायेगा। इस संबंध में अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश के तहत कटनी नगर तहसील अंतर्गत विपणन कटनी पंजीयन केन्द्र निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार कटनी तहसील अंतर्गत पिपरौंध, हीरापुर कौड़िया, कन्हवारा, कैलवारा चाका और वृहत्ताकार कटनी पंजीयन केन्द्र निर्धारित किये गये हैं।

ढीमरखेड़ा तहसील अंतर्गत 9 पंजीयन केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। जिनमें उमरियापान, खमतरा, ढीमरखेड़ा, दशरमन, सिलौंड़ी, झिन्ना पिपरिया, देवरी मंगेला, मुरवारी, उमरियापान शामिल हैं। इसी प्रकार बड़वारा तहसील अंतर्गत स्थापित किये गये 4 पंजीयन केन्द्रों में बड़वारा, बसाड़ी, विलायतकला, भजिया, अमाड़ी, नन्हवारासेझा में कृषक अपना पंजीयन करा करा सकेंगे। वहीं बरही तहसील क्षेत्र में बरही, खितौली, पिपरियाकला और हरदहटा में पंजीयन कार्य होगा।

बहोरीबंद तहसील क्षेत्र में 13 पंजीयन केन्द्रों पर किसानों का पंजीयन किया जा सकेगा। इनमें बहोरीबंद, बुआं, सलैया कुआं, कूड़न, बाकल, सिंहुड़ी, सलैया पटोरी, बरही बाकल, इमलिया, चांदनखेड़ा, देवरीखरगवां, हथियागढ़, बचैया पंजीयन केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। इसके साथ ही रीठी क्षेत्र में 7 पंजीयन केन्द्रों पर किसानों का पंजीयन किया जा सकेगा। जिसमें रीठी, बड़गांव, बकलेहटा, तिलगवां, देवगांव, रैपुरा, बिलहरी शामिल हैं। वहीं विजयराघवगढ़ क्षेत्र अंतर्गत 9 पंजीयन केन्द्रों में उबरा, सिनगौड़ी, विजयराघवगढ़, विपणन विजयराघवगढ़, देवराकलां, जिवारा, अमेहटा नन्हवारा, कारीतलाई, सलैया कोहारी में क्षेत्र के किसान अपना पंजीयन करा सकेंगे। इसी तरह स्लीमनाबाद क्षेत्र अंतर्गत 6 पंजीयन केन्द्रों में किसानों का पंजीयन पोर्टल पर किया जायेगा। इनमें पंजीयन केन्द्र तेवरी, स्लीमनाबाद, पड़रभटा, कौड़िया, धरवारा तथा धूरी शामिल हैं।

### किसानों के पंजीयन के लिए जनपद एवं तहसील मुख्यालय में खुले सुविधा केंद्र

**कटनी।** प्रदेश शासन द्वारा रबी विपणन वर्ष 2022723 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिये किसान पंजीयन के संबंध में विस्तृत निर्देश दिये गये हैं। किसान पंजीयन का कार्य 5 फरवरी से प्रारंभ हो चुका है जो कि 5 मार्च तक जारी रहेगा। निर्देशों के तहत ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र पर, जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, तहसील कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र स्थापित कर निःशुल्क पंजीयन की व्यवस्था के निर्देश दिये गये हैं, ताकि किसानों को पंजीयन के संबंध में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं हो।

इस संबंध में अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो ने जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। जारी निर्देशों में कहा गया है कि प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर रोजगार सहायक तथा जनपद पंचायत, तहसील कार्यालयों में तकनीकी रुप से दक्ष कर्मचारी की सुविधा केन्द्र पर ड्यूटी लगाई जाये। साथ ही ई-उपार्जन पोर्टल पर किसान पंजीयन की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

## कटनी में धान विक्रय के बाद नहीं मिल रहे पैसे

# भटक रहे किसान, शादी ब्याह के सीजन से बढ़ रही परेशानी



**कटनी।** किसानों की परेशानी एक न एक सरकारी उदासीनता से बनी रहती है। पहले धान बेचने, फिर बारदाने बीच में बेमौसम बारिश की मार से धान बारिश में भीगने के बाद जिले की बाहर की धान खरीदी केंद्र में जद्दोजहद कर पहले धान बेचने परेशान रहे। अब पैसे के लिए बैंक के चक्कर लगाते परेशान हैं। वहीं बरही के राधा स्वसहायता धान खरीदी केंद्र पर समर्थन मूल्य पर धान बेचने के बाद पैसा नहीं मिलने से भी किसान परेशान हैं। बता कर किसानों की हफ्ते हफ्ते परेशान करना इन सबके बाद अब धान बेचने के बाद उन्हें पैसे के लिए भटकना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में कई कई सहकारी बैंकों में किसानों की कतारें लगीं हैं आज नहीं तो कल की तर्ज पर ये बेचारे भटक रहे हैं। राजनीतिक पहुंच रखने वालों को उपज का मूल्य मिल जाता है लेकिन दो मामले बीते दिन मीडिया की सुर्खियां बने तो आनन फानन में भुगतान किया गया लेकिन अभी भी सैकड़ों किसान हैं जिन्हें भुगतान नहीं मिला है। धान बेचने के बाद दस दिन से जिला सहकारी बैंक शाखा बड़वारा के चक्कर लगाते परेशान किसान की परेशानी कम नहीं हो रही है। बड़वारा तहसील क्षेत्र के लमकना ग्राम निवासी एक किसान विनोद कुमार साहू ने शनिवार को बताया कि लगातार दसवें दिन शनिवार को धान के पैसे नहीं मिले। किसान ने बताया कि समय पर पैसे नहीं मिले तो भांजे की शादी मुश्किल में पड़ जाएगी। किसान ने बताया कि हर बार बैंक आने पर यह कहकर लौटा दिया जाता है कि नकदी की समस्या है। किसान ने बताया कि करौदी खुर्द निवासी युगल पिता पूरन लाल कुशवाहा ने बताया कि 20 क्विंटल धान 3 जनवरी को राधा स्वसहायता धान खरीदी केंद्र में बेचा था। उपज बेचे लगभग 20 दिन का समय बीत चुका है लेकिन अभी तक धान का पैसा नही मिला। इस बारे में खरीदी केंद्र प्रभारी ने जानकारी नहीं दी। किसान ने बताया कि 4 दिन बाद घर में बहन की शादी है और पैसे की अत्यंत आवश्यकता है।

### नगदी की कमी

सूत्रों के अनुसार सभी किसानों को नगदी नहीं होने की बात बताई जा रही है। नगदी की समस्या सहकारी बैंकों में है। ज्यादा कैश ग्रामीण क्षेत्रों में भेजा नहीं जाता है लिहाजा यह समस्या आती है। सहकारी बैंकों का कहना है कि गांव में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं होते लिहाजा यहां ज्यादा नगद पैसा रखना खतरे से खाली नहीं है लेकिन ज्यादा से ज्यादा किसानों को भुगतान कर दिया जाए इसकी कोशिश जारी है।



## बिना मास्क घूम रहे 63 लोगों पर कार्रवाई, वसूला 12600 का जुर्माना

**कटनी।** कोविड -19 संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण एवं बचाव हेतु निगम प्रशासन द्वारा रोजाना नगर के विभिन्न स्थलों में अभियान चलाकर प्रोटोकॉल का उल्लंघन करनें वालों पर चालानी कार्यवाही की जा रही है। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम के अतिक्रमण विभाग के कर्मचारियों द्वारा विगत दिवस एवं आज नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों में अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थलों में मास्क का उपयोग न करने वाले 63 लोगों पर 12600 रूपये की चालानी कार्यवाही की जाकर संबंधितों को सार्वजनिक स्थलों में मास्क का उपयोग कर महामारी से बचाव की समझाईश दी गई।

## बकाया वसूली के लिए विश्राम बाबा वार्ड में लगा शिविर




**कटनी।** वित्तीय वर्ष की समाप्त को दृष्टिगत रखते हुए नगारिकों को निगम के बकाया करों को जमा करनें में किसी भी प्रकार की असुविधा का सामनान करना पडे इस हेतु जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा के निर्देशन व निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के मार्गदर्शनन में रोजाना वार्डवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। प्रभारी अधिकारी राजस्व जागेश्वर पाठक नें जानकारी देते हुए बताया कि नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए विश्राम बाबा वार्ड स्थित पटैल मार्केट के पास निगम के बकाया करों को जमा करनें हेतु शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर के दौरान उपस्थित जनों द्वारा उपस्थित होनें वाले आगंतुकों को बकाया राशि की जानकारी प्रदान की जाकर 44 रसीदों के माध्यम से संपत्तिकर के 91134 रूपये तथा 24 रसीदों के माध्यम से जलकर के 56935 रूपये कुल बकाया करों के रूप में 148069 रूपये निगम कोष में जमा किये गए।

# स्थापना दिवस पर मनरेगा का महत्व समझाने मजदूरों के बीच पहुंचे अधिकारी

### रीठी के ग्राम सिमराकला में हुआ आयोजन

**कटनी।** मनरेगा स्थापना दिवस पर जिले में श्रमिकों के बीच पहुंचकर अधिकारियों ने कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें मनरेगा काम में लगे श्रमिकों को योजना का महत्व बताया गया और योजना को लेकर चर्चा की गई। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा निर्देश व जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत रीठी के ग्राम सिमराकला में मनरेगा कार्य में संलग्न श्रमिकों के बीच जनपद पंचायत के अधिकारी पहुंचे और श्रमिकों को मनरेगा योजना के महत्व की जानकारी दी। जनपद सीईओ ज्ञानेन्द्र मिश्रा ने मजदूरों को बताया कि देश की सबसे बड़ी स्थानीय रोजगार उन्मूलक योजना का अधिनियम 2 अक्टूबर 2005 को पारित किया गया था। योजना की शुरूआत 2 फरवरी 2006 को आंध्रप्रदेश के बांदावली जिले के अनंतपुर नामक गांव से हुई। शुरूआत में इस योजना में लगभग 200 जिलों को सम्मिलित किया गया। बाद में 1 अप्रैल 2008 को पूरे भारत में मूल स्वरूप में इस योजना को लागू कर दिया गया। उपस्थित श्रमिकों में से छोटीबाई, सुशीला बाई, महिला मेट संगीता बाई, श्यामलाल व अन्य श्रमिकों द्वारा योजना के क्रियांवयन को संतुष्टि व्यक्त की। मनरेगा योजना प्रभारी डॉ. अजीत सिंह ने बताया कि मनरेगा योजना 2021-22 में जनपद पंचायत रीठी अंतर्गत 7.90 लाख मानव दिवस का अभी तक सृजन हुआ है। इस दौरान सहायक यंत्री केके गुप्ता, उपयंत्री अनिल जाटव, सचिव संतकुमार राय सहित मनरेगा श्रमिक मौजूद थे।





## फिर से स्वच्छता रैंकिंग में शामिल होने की कवायद

**कटनी।** फरवरी माह को स्वच्छता संकल्प माह के रूप में मनाने व सर्वेक्षण के बिन्दुओं के अनुरूप नगर की सफाई व्यवस्था सनिश्चित करने के लिए निगम प्रशासन द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था में गति प्रदान करने विभिन्ना व्यवसायिक क्षेत्रों सहित रहवासियों बस्तियों में सफाई के प्रयास किये जा रहे हैं। रोजाना जागरूकता गतिविधियों के साथ ही एक वार्ड को चिन्हित कर विशेष सफाई अभियान चलाकर वार्ड की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने के प्रयास भी अनवरत जारी है। अवार्डवार आयोजित होने वाले विशेष सफाई अभियान के तहत शुक्रवार सुबह राम मनोहर लोहिया वार्ड में स्वच्छता मित्रों की सामूहिक टीम के माध्यम से विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान हरिजन बस्ती, संत रविदास नगर चौधरी मोहल्ला रेल्वे लाईन के पास, प्रजापति मोहल्ला, निवर्तमान पार्षद निवास के पीछे, तार गली, शेरू गली तथा काली माता मंदिर के पास की नालियों के अपशिष्ट की सफाई का कार्य कर सुगम पानी निकासी के प्रयास किये गए। वार्ड के सार्वजनिक मार्गो तथा विभिन्ना गलियों में झाडू का कार्य कर एकत्रित कचरे के उठाव का कार्य किया गया।

# कलेक्टर ने की मदद, दिव्यांग को दिलाया राइटर

### आंखों की रोशनी से वंचित प्रदीप की अब नहीं रूकेगी पढ़ाई



**कटनी।** जिले के विलायतखुर्द निवासी दोनों आंखों से दिव्यांग युवक प्रदीप रजक की बीए एलएलबी की पढ़ाई अब प्रभावित नहीं होगी। परीक्षा देने के लिए राइटर को देने के लिए उनके पास राशि नहीं थी। जिसको लेकर सहयोग मांगने युवक शुक्रवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के पास पहुंचा था। कलेक्टर श्री मिश्रा ने युवक की प्रतिभा को देखते हुए रेडक्रास सोसायटी के माध्यम से एक घंटे के अंदर उसे 20 हजार रूपये की राशि प्रदान की। इतना ही अगले 5 वर्ष तक उसे पढ़ाई के लिए राइटर को देने के लिए हर साल राशि प्रदान की जाएगी। विलायतखुर्द निवासी प्रदीप रजक ने 12वीं तक पढ़ाई करने के साथ ही आईटीआई की भी पढ़ाई की। युवक अच्छा क्रिकेट का भी अच्छा खिलाड़ी था लेकिन एक बीमारी के चलते धीरे-धीरे उसकी दोनों आंखों की रोशनी जाती रही। युवक प्रदीप ने सागर यूनिवर्सिटी में बीएएलएलबी की पढ़ाई करने प्रवेश लिया लेकिन उसके पास राइटर को देने के लिए राशि नहीं थी। जिसको लेकर वह सहयोग मांगने शुक्रवार को कलेक्टर श्री मिश्रा के पास पहुंचा और अपनी स्थिति की जानकारी दी। कलेक्टर श्री मिश्रा ने युवक की प्रतिभा व लगन का सम्मान करते हुए तत्काल रेडक्रास सोसायटी के माध्यम से युवक को 20 हजार रूपये का चैक प्रदान करने के निर्देश दिए। साथ ही अगले पांच साल तक सोसायटी के माध्यम से ही युवक की पढ़ाई के लिए हर साल राशि प्रदान करने के भी निर्देश प्रदान किए। कलेक्टर श्री मिश्रा के निर्देश पर रेडक्रास सोसायटी सचिव व सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा ने एक घंटे के अंदर ही युवक की सहायता राशि का चैक तैयार कराया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने युवक प्रदीप को सहयोग राशि का चैक प्रदान किया। डॉ. वर्मा ने बताया कि युवक प्रदीप प्रदेश का पहला ऐसा युवक है, जो दोनों आंखों से दिव्यांग होने के बाद भी बीएएलएलबी की पढ़ाई कर रहा है।

## उचित मूल्य दुकानों पर अन्न उत्सव कल

**कटनी।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 7 फरवरी 2022 को सभी उचित मूल्य दुकानों पर नियमित रुप से अन्न उत्सव का आयोजन जनप्रतिनिधि एवं सतर्कता समिति के सदस्यों की उपस्थिति में राशन वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। जारी निर्देशों के परिपालन में अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो ने जिले की समस्त शासकीय उचित मूल्य दुकानों में अन्न उत्सव का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिये अधिकारियों, कर्मचारियों को नोडल के रुप में नियुक्त करते हुये आदेश जारी किया है। साथ ही संबंधितों को सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन करने एवं उपभोक्ता से निर्धारित प्रारुप में वितरण संबंधी फीडबैक एकत्रित करते हुये संकलित जानकारी माह की 10 तारीख तक संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय में जमा करने के निर्देश भी दिये हैं।

# पौने 8 क्विंटल महुआ लाहन सहित 195 लीटर अवैध शराब जब्त

### आबकारी विभाग ने 3 ठिकानों पर दी दबिश



**कटनी।** अवैध मदिरा के संग्रहण परिवहन, विक्रय, निर्माण में रोकथाम लगाने जिले में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के आदेशानुसार व जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आबकारी वृत्त कटनी क्रमांक 02 द्वारा जुहला, नदीपार, मछरिया डेरा में उड़नदस्ता बी टीम आबकारी उप निरीक्षक अभिषेक सिंह बघेल के नेतृत्व में दबिश दी गई। इस दौरान 780 किलोग्राम महुआ लाहन (लगभग 195 लीटर अवैध हाथ भट्टी मदिरा) और 5 लीटर हाथ भट्टी मदिरा के कुल 3 न्यायालयीन प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क एवं च के पंजीबद्ध किए गए। मौके पर महुआ लाहन का सैंपल लेकर उसे नष्ट कराया गया। जब्त किए गए लाहन व मदिरा की अनुमानित राशि लगभग 39,750 रूपये है।

# नए सदस्य बनाने द्वार-द्वार पहुंच रहे कांग्रेसजन

### घर चलो, घर-घर चलो सदस्यता अभियान

**कटनी।** जिले के शहरी, उपनगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेस का घर चलो, घर-घर चलो सदस्यता अभियान जारी है। वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के नेतृत्व में कांग्रेसजन बस्तियों,मोहल्लों और बाजारों में लोगों से घर-घर संपर्क कर उन्हें कांग्रेस की जनकल्याण नीतियों से अवगत करा रहे। साथ ही उन्हें कांग्रेस का सदस्य बनने प्रेरित कर रहे।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ द्वारा प्रत्येक वार्ड या बूथ में 50 नये सदस्य बनाने का लक्ष्य जिला कांग्रेस कमेटियों को सौंपा गया है। कांग्रेस का यह सदस्यता अभियान विगत 4 फरवरी से जारी है। इसी कड़ी में जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एड. मिथलेश जैन के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने गत दिवस इंदिरा नगर एवं सरलना नगर क्षेत्र में संपर्क किया। दूसरे दिन रामकृष्ण परमहंस वार्ड अंतर्गत मंगल नगर, छपरवाह एवं बिलगावँ में 'घर चलो घर.घर चलो' अभियान के अंतर्गत व्यापक जनसंपर्क कार्य किया गया। इस अवसर पर आदिवासी भाइयों की समस्याओं को भी सुना गया तथा अनेक लोगों को कांग्रेस की सदस्यता भी दिलाई गई। जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष मिथलेश जैन पूर्व अध्यक्ष करण सिंह, राकेश जैन, राजकिशोर यादव, कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष पंकज गौतम, युवा कांग्रेस के मनु दीक्षित, ब्लॉक अध्यक्ष रमेश सोनी, देनप अध्यक्ष अंशु मिश्रा शिव कुमार यादव, निशा मिश्रा, हेमा शर्मा, मंजू निषाद, मीना सिंह बघेल, जित्तू गुसाए कल्लूदास बैरागी, रौनक खंडेलवाल,मनोज यादव, पार्वती निषाद, चंदाबाई सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए। आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**कचरा उठाव के साथ-साथ नालियों की गंदगी भी निकाली**

# लोहिया वार्ड में चला विशेष सफाई अभियान









**कटनी।** वार्डवार आयोजित होने वाले विशेष सफाई अभियान के तहत राम मनोहर लोहिया वार्ड में स्वच्छता मित्रों की सामूहिक टीम के माध्यम से विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान हरिजन बस्ती, संत रविदास नगर चौधरी मोहल्ला रेल्वे लाईन के पास, प्रजापति मोहल्ला, निवर्तमान पार्षद निवास के पीछे, तार गली, शेरू गली तथा काली माता मंदिर के पास की नालियों के अपशिष्ट की सफाई का कार्य कराया जाकर सुगम पानी निकासी के प्रयास किये गए। वार्ड के सार्वजनिक मार्गो तथा विभिन्न गलियों में झाडू का कार्य कराया जाकर एकत्रित कचरे के उठाव का कार्य किया जाकर वार्ड की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने के प्रयास किये गए। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी नें बताया कि सर्वेक्षण के निर्धारित बिन्दुओं एवं नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए विगत रात्रि बस स्टेण्ड परिसर सहित नदीपार मुख्य मार्ग की सफाई का कार्य कराया गया। प्रातःकालीन दैनिक सफाई व्यवस्था के तहत नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्र के विभिन्न स्थलों सांई मंदिर, कुठला, बरगवां मुख्य मार्ग एवं डिवाइडरों की सफाई, मिशन चौक, आजाद चौक से शेर चौक, घंटाघर प्वाइंट, राष्ट्रीय स्कूल घंटाघर मार्ग, सराफा बाजार, राम जानकी हनुमान वार्ड हनुमान मंदिर के पास एवं ठाकुर साहब के घर के सामने स्थित मैदान की जे.सी.बी मशीन से सफाई, शिवाजी वार्ड शमशान घाट, भट्टा मोहल्ला मुख्य मार्ग, बरगवां ओव्हर ब्रिज के नीचे, कावस जी वार्ड तालाब के पास, बाबा नारायण शाह वार्ड बगीचा प्वाइंट, आचार्य कृपलानी वार्ड पी.डब्ल्यू.डी कॉलोनी, मानसरोवर कॉलोनी सहित अन्य स्थलों में सफाई का कार्य कराया जाकर सार्वजनिक स्थलों की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने के प्रयास किये गए। नगर के मुख्य मार्गों सहित अन्य गलियों की सफाई व्यवस्था हेतु डोर टू डोर कचरे के संग्रहण का कार्य अनवरत जारी है। सफाई व्यवस्था के दौरान नगर के विभिन्न वार्डों की गलियों में निगम के कचरा वाहनों के माध्यम से डोर टू डोर कचरे के संग्रहण किया गया। इस दौरान नागरिकों को घर से निकलनें वाले गीले एवं सूखे कचरे की जानकारी से अवगत कराया जाकर कचरे के पृथक-पृथक डस्टबिन में रखने एवं निगम के कचरा वाहनों में ही कचरा देकर सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने में निगम प्रशासन का सहयोग प्रदान करनें की अपील की गई।

सिटी न्यूज
www.yashbharat.com
कटनी, रविवार 06 फरवरी 2022
यश भारत
8
फोन- 230033

# स्टेशन के फूड प्लाजा में नृशंस हत्या के पांच आरोपी गिरफ्तार

## मुख्य आरोपी अब भी रेल पुलिस की गिरफ्त से बाहर



**कटनी।** शहर के मुख्य रेलवे स्टेशन कटनी जंक्शन के प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर स्थित फूड प्लाजा में शुक्रवार व शनिवार की दरम्यानीरात लगभग 12 बजे सो रहे वेंडरों व कर्मचारियों पर चाकू सहित घातक हथियारों से जानलेवा हमले के मुख्य आरोपी को छोड़कर अन्य पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं वारदात के बाद से फरार मुख्य आरोपी की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। गौरतलब है कि फूड प्लाजा में काम से निकाले जाने के कारण नाराज मुख्य आरोपी फतेहपुर उत्तरप्रदेश निवासी अजय सेंगर ने अपने साथियों क्रमशः सिविल लाइन निवासी 19 वर्षीय अभय दुबे, 19 वर्षीय आशीष तिवारी, कोढ़ी मोहल्ला निवासी 21 वर्षीय रूस्तम खान, खिरहनी फाटक क्षेत्र निवासी 25 वर्षीय भगवानदास जायसवाल व एनकेजे क्षेत्र निवासी 21 वर्षीय अजय निषाद के साथ मिलकर फूड प्लाजा के अंदर सो रहे वेंडरों व अन्य कर्मचारियों पर चाकू से हमला कर दिया था। इस दौरान फूड प्लाजा कर्मचारी तोतुआपुर कानपुर निवासी 30 वर्षीय दिलीप सिंह को पीछे से पीठ में चाकू घोंप दी गई थी। चाकू लगते की चीखता हुआ दिलीप भागने लगा और प्लेटफार्म से होते हुए जीआरपी के समीप तक लगभग 100 मीटर तक पहुंचा और चोट गंभीर होने व रक्तस्त्राव अधिक होने के कारण दम तोड़ दिया। वहीं इस हमले में अंकुश सिंह, सुनील सिंह गुज्जरए, हेमंत कुमार घायल हो गए थे। वारदात की सूचना मिलते ही रात में जीआरपी डीआइजी मौके पर पहुंचे और जांच की। इस दौरान फूड प्लाजा को सील कर दिया गया। जांच के लिए जबलपुर एफएसएल से डॉ. नीता जैन, आरआइवी सुमन ठाकुर ने पहुंचकर आवश्यक जांच की। वारदात बड़ी होने के कारण एसपी विनीत वर्मा व एएसपी प्रतिमा पटेल भी पहुंची और घटना की जानकारी लेकर कार्रवाई शुरू कराई। एएसपी के निर्देशन में आरोपियों की पताशाजी व गिरफ्तारी की गई।

### कई दिनों से गुंडई कर रहा था अजय

फूड प्लाजा के मैनेजर प्रशांत सिंह ने बताया कि पहले फूड प्लाजा में काम अजय सेंगर काम कर चुका था। लगतार शराबखोरी, रुपयों की मांग आदि को लेकर काम से निकाल दिया गया था लेकिन इसके बाद भी आकर धमकी देता था व रुपयों की मांग करता था। शुक्रवार की शाम 6 बजे से रंगदारी करने पहुंचा लेकिन डाट-डपटकर भगा दिया गया था। इसके बाद रात में 12 बजे गुर्गों के साथ पहुंचा और दरवाजा में लात मारना शुरू किया और जब दरवाजा खोला गया तो सीधे अंदर हमलावर घुसे और तोडफ़ोड़ चालू कर दी और सो रहे कर्मचारियों पर चाकू से हमला बोल दिया। बदमाश काम पर रखे जाने के लिए लगातार डरा धमका रहे थे। अपनी धाक जमाने के लिए रात में हमला बोल दिया और जमकर दहशतगर्दी फैलाई।

### वारदात के दौरान जमकर हुई तोड़फोड़ व मारपीट

गौरतलब है कि फूड प्लाजा सहित स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में कुछ लोग खड़े थे, जिन्होंने वारदात को रोकने का प्रयास किया। इस दौरान हमलावरों ने वहां पर खड़े वाहनों में भी तोडफोड़ करके दहशत मचाने का प्रयास किया। इस तरह से शहर के प्रमुख स्टेशन में हुए हमले के बाद से सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवालिया निशान खड़े हो गए हैं। इस तरह से बेखौफ हमलावर आ करके सो रहे निहत्थे फूड प्लाजा के कर्मचारियों पर वार किया और एक की नृशंस हत्या कर दी।

**इनका कहना है**

इस पूरे मामले की विस्तृत जांच जारी है। पांच आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं। मुख्य आरोपी की तलाश जारी है। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। यदि स्टेशन में वेंडर अवैध हैं और इस तरह की स्थिति बनी है तो इसकी भी जांच होगी। स्टेशन के आसपास यदि कोई गिरोह ठहर रहा है तो उसपर कार्रवाई करेंगे। बेपरवाही पर थाना प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई होगी।

**प्रतिमा पटेल, एएसपी रेल**

## लगातार ट्रेनों के रद्द होने व परिवर्तित मार्ग से चलने के कारण यात्री हो रहे परेशान

# सिंगरौली स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते फिर कई ट्रेनें निरस्त

**कटनी।** कटनी-जबलपुर रेलखंड पर हिरन नदी के समीप चले मरम्मत कार्य को लेकर कई ट्रेनें रद्द रहीं तो कई को परिवर्तित मार्ग से चलाया गया। जिसके कारण यात्रियों को परेशानी का समाना करना पड़ा। पिछले दो माह से लगातार कार्य के चलते ट्रेनें प्रभावित रखी जा रही हैं। अब पूर्व मध्य रेलवे धनबाद मण्डल के सिंगरौली, करैला रोड, चुरकी एवं महदेइया स्टेशनों पर दोहरीकरण के तहत नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाना है। नॉन इंटरलॉकिंग कार्य की अवधि में इस मार्ग से होकर गुजरने वाली कई ट्रेनों को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 11447 जबलपुर-हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस 6 फरवरी से 13 फरवरी तक तथा गाड़ी संख्या 11448 हावड़ा-जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस 8 फरवरी से 15 फरवरी तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 22165 भोपाल-सिंगरौली एक्सप्रेस 12 फरवरी को, गाड़ी संख्या 22166 सिंगरौली-भोपाल एक्सप्रेस 15 फरवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। वहीं गाड़ी संख्या 19413 अहमदाबाद-कोलकाता एक्सप्रेस 9 फरवरी को तथा गाड़ी संख्या 19414 कोलकाता-अहमदाबाद एक्सप्रेस 12 फरवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। इसीतरह गाड़ी संख्या 13025 हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस 7 फरवरी को व गाड़ी संख्या 13026 भोपाल-हावड़ा एक्सप्रेस 9 फरवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। वहीं गाड़ी संख्या 22167 सिंगरौली-निजामुद्दीन एक्सप्रेस 13 फरवरी को तथा गाड़ी संख्या 22168 निजामुद्दीन-सिंगरौली एक्सप्रेस 14 फरवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। इसीप्रकार गाड़ी संख्या 19608 मदार जंक्शन-कोलकाता एक्सप्रेस 7 फरवरी को व गाड़ी संख्या 19607 कोलकाता-मदार जंक्शन 10 फरवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

### शनिवार को इतनी ट्रेनें रहीं प्रभावित

उधर शनिवार को जबलपुर-कटनी रेलखंड के सिहोरा व गोसलपुर स्टेशनों के बीच हिरन नदी ब्रिज स्थान रिगार्डरिंग का कार्य छह घंटे का मेगा ब्लॉक लेकर कार्य किया गया। इस कारण जबलपुर-कटनी रेल खण्ड से गुजरने वाली गाड़ियां प्रभावित व रद्द रहीं। गाड़ी संख्या 11705/11706 जबलपुर-रीवा-जबलपुर शटल पूरी तरह रद्द रही जबकि गाड़ी संख्या 06619/06620 कटनी-जबलपुर-इटारसी जबलपुर-कटनी के बीच रद्द रही। गाड़ी संख्या 22190 रीवा-जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस कटनी में ही समाप्त हुई जबकि गाड़ी संख्या 22189 जबलपुर-रीवा इंटरसिटी एक्सप्रेस कटनी से ही बनकर गई। गाड़ी संख्या 06622 कटनी-बीना मेमो निर्धारित प्रस्थान समय 12 बजे के स्थान पर दो घंटे देरी से रवाना हुई। गाड़ी संख्या 12150 दानापुर-पुणे एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 11062 जयनगर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस पवन एक्सप्रेस कटनी-जबलपुर-इटारसी के बजाय कटनी-बीना-भोपाल-इटारसी के रास्ते आगें के लिए रवाना हुई।

### नाम परिवर्तन

मैं श्रीमती सिमरन खूबचंदानी धर्मपत्नी रूपेश खूबचंदानी निवासी नई बस्ती जगमोहनदास वार्ड नं.-10 कटनी, यह कि विवाह के पूर्व मुझे रेखा जगवानी पिता मूलचंद जगवानी निवासी रामपुर जबलपुर के नाम से जाना जाता था एवं विवाह उपरांत अब मेरा नाम श्रीमती सिमरन खूबचंदानी धर्मपत्नी रूपेश खूबचंदानी निवासी नई बस्ती जगमोहनदास वार्ड नं. 10 कटनी जिला-कटनी हो गया है। अतः अब मुझे मेरे नये नाम सिमरन खूबचंदानी से जाना-पहचाना जावे व समस्त शासकीय अभिलेखों में मेरा सही नाम दर्ज किया जावे

**पुराना नाम- रेखा जगवानी पिता मूलचंद जगवानी**
**नया नाम- सिमरन खूबचंदानी धर्मपत्नी रूपेश खूबचंदानी**

JOHNSON®
Not just tiles, Lifestyles.

सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाइट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

बेचना है
आवासीय भूखंड क्षेत्रफल 56.5x वर्गफुट डायवर्टेड झिंझरी पुलिस लाइन के पास विक्रय करना है। वास्तविक खरीददार संपर्क करें
मो. 9329818900

JOB OPENING
Requirement/skills
1. Tally, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni m.p.
For Application
Contact- Ayush Jain
Mo. 8989020207

बेचना है
द्वारका सिटी, बरगवां कटनी में पानी की टंकी के पास मकान नं. 236, 237 बेचना है। प्रत्येक 480 वर्गफुट का स्वतंत्र मकान छत सहित। एक कमरा, किचिन, लेटबाथ, के साथ बरामदा (क्लोज) तत्काल बेचना है। शीघ्र संपर्क करें-
मो. 9977761441 9425859026

यश भारत की 16वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं

रत्ना मैरिज गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था

पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा


NABH एवं NABL द्वारा मान्यता प्राप्त चिकित्सालय
जबलपुर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर
SUPER SPECIALITY TREATMENT FACILITIES
• कार्डियोलॉजी-एंजियोग्राफी, एंजयोप्लास्टी • बायपास सर्जरी
• ओरल एण्ड मेक्सिलोफेशियल सर्जरी • न्यूरोलॉजी एवं न्यूरो सर्जरी
• यूरो सर्जरी • पीडियाट्रिक एवं नियोनेटोलॉजी • ऑन्कोलॉजी
• गेस्ट्रोइंट्रोलॉजी • दुर्घटना एवं अपघात निदान- ट्रॉमा केयर
• नेफ्रोलॉजी- हीमोडायलिसिस • ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी
• हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी • क्रिटीकल केयर • लेप्रोस्कोपिक ग्रेस्ट्रो सर्जरी
• इंडोक्रायनोलॉजी • ग्रेस्ट्रोइन्ट्रोलॉजी • पलमोनरी मेडीसिन • हाई रिस्क प्रसूति
कॉलेज ऑफ नर्सिंग जबलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ साइंस
Courses Available- GNM, B.Sc. (N), P.B.Sc. (N) & Ph.D (N)
M.Sc.(Nursing) In- MSN, OBG, CHN, PSY, PEDIA
अग्रसेन मंडपम के पास, कचनार सिटी रोड, अहिंसा चौक, विजय नगर, जबलपुर
Ph: 8269045001, 8269065001, 7869135658 Web.: www.nursingcollegejihs.com, E-mail: jihs25jabalpur@gmail.com
महाकौशल का प्रथम कॉस्मेटिक गायनेक सेंटर
जबलपुर कॉस्मेटिक गायनोकॉलोजी सेंटर

डॉ. अमिता सक्सेना
स्त्री रोग विशेषज्ञ
अब चिंता ना करें !
प्रसव पश्चात एवं मेनोपॉस के समय योनी का ढीलापन
खांसते या छींकते समय पेशाब का निकल जाना
लाइलाज कठिन श्वेत प्रदर (सफेद पानी)
इस तरह की समस्या से पीड़ित महिलायें संपर्क करें।

डॉ. ऋचा धीरावानी
स्त्री रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक लेजर द्वारा दर्द रहित इलाज की सुविधा
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: 93001 08912, 73547 77754, 79879 05551
दूसरी मंजिल, फेज 3 बिल्डिंग, जबलपुर हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर, रसल चौक, जबलपुर (म.प्र.)- 482001
रसल क्रॉसिंग, नेपियर टाउन, जबलपुर- 482002 म.प्र.
फोन: 0761-4026000, 2450761-62, फैक्स: 0761-4036343, टोल फ्री नं. 18002332450
Email- jhrc_hrd@yahoo.co.in, Website- www.jabalpurhospital.com

देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक
डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai)
सौन्दर्य एवं चर्मरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल मुम्बई
कील मुहाँसे, दाद, खाज, खुजली, एलर्जी, टेनिंग, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, मस्सा, तिल, कार्न वार्ट, सोराएसिस, एक्जीमा, एंटी एजिंग, नाखुन के रोग, बाल झड़ना, शिशु चर्मरोग, कान की सिलाई, पी.आर.पी केमिकल पीलिंग, मेडिफेशियल, डर्मारोलर
मिलने का समय-सुबह 9:30 बजे से दोप.11:30 बजे तक एवं सायं 4:30 बजे से सायं 7:30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

CITY Mall
EVERYTHING UNDER ONE ROOF
ASSOCIATED WITH
BIG BAZAAR
Reliance digital
TRENDS
PLANET FASHION
U-TURN
BOLSA
City Pride Cinema
Food Junction
FLAVOURS
GRAVITY
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P.) Phone : +91 7622 422408, email : citymallkatni@gmail.com

ROYAL VINTAGE
Hire Vintage Car for Wedding
Vintage Car Rent
for Bride-Groom Entry & Auspicious Program

Contact us @ Katni : Mr. Ajay 9754005830, 957579008

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)